भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 25
सोमवार, 2 फरवरी, 2026 (13 माघ, 1947 (शक((को दिया जाने वाला उत्तर

देश में पायलट प्रशिक्षण क्षमता और पायलटों की कमी

***25. श्री एस. निरंजन रेड्डीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत पांच वर्षों के दौरान जारी किए गए वाणिज्यिक पायलट लाइसेंसों (सीपीएल) की संख्या कितनी है और भारतीय विमानन कंपनियों में वर्तमान में पायलट-विमान अनुपात क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि लगभग 40 प्रतिशत भारतीय वाणिज्यिक पायलट विदेशों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, जो घरेलू पायलट प्रशिक्षण क्षमता की अपर्याप्तता को दर्शाता है, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) देश में नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा स्वीकृत पायलट प्रशिक्षण संस्थानों और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की संख्या, क्षमता और भौगोलिक वितरण संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) विश्व स्तरीय पायलट प्रशिक्षण अवसंरचना का विस्तार करने, विदेशी प्रशिक्षण पर निर्भरता कम करने, वहनीयता सुनिश्चित करने और आगामी दशक में पायलटों की अनुमानित कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

)क(से (घ(: वविरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"देश में पायलट प्रशिक्षण क्षमता और पायलटों की कमी" के संबंध में श्री एस. निरंजन रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 02.02.2026 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न संख्या 25 के भाग)क(से)घ(के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): पिछले 5 वर्षों में जारी किए गए सीपीएल की संख्या 6,648 है। भारतीय एयरलाइनों में वर्तमान पायलट और विमान का अनुपात 8.4 है।

(ख): वर्ष 2016 से, लगभग 40 प्रतिशत सीपीएल विदेशी संस्थानों से प्रशिक्षित कैडेटों को जारी किए गए हैं। प्रशिक्षण संगठन का चयन विमान के प्रकार, प्रशिक्षण की अवधि, रोजगार पहलू और वित्तीय सरोकार जैसे कई कारकों पर निर्भर करता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) में प्रशिक्षण क्षमता इन एफटीओ में उपलब्ध प्रशिक्षण अवसंरचना के संदर्भ में पर्याप्त है। दिनांक 22 जनवरी, 2026 तक, डीजीसीए द्वारा अनुमोदित 40 एफटीओ हैं, जिनके पास छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए 385 प्रशिक्षक विमान उपलब्ध हैं।

नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर) खंड-7, श्रृंखला-डी, भाग-I में विमान : प्रशिक्षक : छात्र अनुपात 1:1:10 निर्धारित किया गया है जो किसी भी समय इन एफटीओ में लगभग 3500 छात्रों की प्रशिक्षण क्षमता के अनुरूप है।

(ग): डीजीसीए द्वारा अनुमोदित प्रशिक्षण संगठनों (एटीओ) की सूची अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है। इसके अलावा, देशभर में 62 बेस के साथ 40 डीजीसीए अनुमोदित एफटीओ हैं। इसकी सूची अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।

(घ): छात्रों के आउटफ्लो को रोकने, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और प्रत्याशित क्षमता मांग के साथ समायोजन हेतु सतत प्रयासों के रूप में, मंत्रालय ने पायलट प्रशिक्षण में विभिन्न विनियामक सुधार किए हैं:-

i) निष्पादन-आधारित और पारदर्शी प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए भारत में पायलट प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता में सुधार के लिए रैंकिंग फ्रेमवर्क का क्रियान्वयन।

ii) देश में पायलट प्रशिक्षण अवसंरचना के विस्तार के लिए वर्ष 2025 में एफटीओ द्वारा 61 विमानों को बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे आज तक भारतीय एफटीओ में कुल प्रशिक्षक विमानों की संख्या 385 हो गई है।

iii) प्रशिक्षण गुणवत्ता, मानकीकृत बेंचमार्क और क्षमता को अनुकूलित करने के लिए नागर विमानन अपेक्षा (सीएआर) खंड-7, श्रृंखला-'I', भाग-V (अंक-II, संशोधन-08, दिनांक 3 जनवरी, 2025), नामित परीक्षक मैनुअल, वर्ष 2025 के उड़ान प्रशिक्षण परिपत्र (एफटीसी) 01 में संशोधन।

iv) नागर विमानन मंत्रालय ने एफटीओ की बेहतर प्रचालन व्यवहार्यता और क्षमता के लिए उदारीकृत एफटीओ नीति को अनुमोदन प्रदान किया है।

नागर विमानन मंत्रालय देश में विश्व स्तरीय पायलट प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

अनुलग्नक I

दिनांक 02.02.2026 को राज्य सभा में पूछे गए मौखिक प्रश्न संख्या 25 के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक
सरकारी नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित एटीओएस की सूची

क्र.सं.	अनुमोदित एटीओ	स्थान	स्वीकृत विमान / हेलीकॉप्टर
1	एएजी सेंटर फॉर एविएशन	चेन्नई	ए320
2	बोइंग सिंगापुर	सिंगापुर	बी737 मैक्स, बी777, बी787
3	एफएसटीसी	गुरुग्राम और हैदराबाद	ए320, बी737-एनजी, क्यू400, एटीआर-72 (600)
4	सीएसटीपीएल	ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और बेंगलुरु	ए320, बी737-एनजी
5	एयरबस	नई दिल्ली	ए320
6	सीटीई, एअर इंडिया	मुंबई, हैदराबाद और गुरुग्राम (टीआरजी)	ए320, बी777, बी787, एटीआर-72 (600)
7	हैट्स-ऑफ हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण	बेंगलुरु	डॉफिन (एएस365), बेल-412, ध्रुव

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय

अनुलग्नक II

दिनांक 02.02.2026 को राज्य सभा में पूछे गए मौखिक प्रश्न संख्या 25 के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक
सरकारी नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित एफटीओएस की सूची

राज्य	एफटीओ का नाम	उड़ान बेस का स्थान
आंध्र प्रदेश	फ्लाईटेक विमानन एकेडमी	1. नागार्जुन सागर एयरफील्ड। गुंटूर
असम	रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड	2. लीलाबारी एयरपोर्ट, ज़िला उत्तर लखीमपुर
बिहार	बिहार फ्लाइंग इंसीट्यूट	3. बिहार सरकार कैबिनेट सचिवालय, नागर विमानन निदेशालय, पटना हवाईअड्डा, पटना
गुजरात	ब्लू रे एविएशन प्राइवेट लिमिटेड.	4. बीआरएपीएल हैंगर, ओएनजीसी नगर, मेहसाणा
	स्काइनेक्स एयरो प्राइवेट लिमिटेड	5. स्काईनेक्स हैंगर, ओएनजीसी नगर, मेहसाणा
	ड्यून एविएशन एकेडमी (गणपत केयर फाउंडेशन की इकाई)	6. जीसीएफ हैंगर, भावनगर एयरपोर्ट, भावनगर
	गुजरात फ्लाइंग क्लब	7. सिविल एयरोड्रम, हरनी रोड, वडोदरा (वर्तमान में गैर-प्रचालनिक) 8. अमरेली हवाई पट्टी, अमरेली
	विज़न फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट	9. वी. एफ. टी. आई. हैंगर, अमरेली हवाईअड्डा, चितल रोड, अमरेली
हरियाणा	एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड	10. चौधरी बंसी लाल एयरपोर्ट, एसएच-16ए गांव गुजरानी, भिवानी 11. नारनौल हवाई पट्टी, हरियाणा
	हरियाणा इंसीट्यूट ऑफ सिविल एविएशन	12. सिविल एयरोड्रम, कुंजपुरा रोड, करनाल 13. सिविल एयरोड्रम, हिसार (वर्तमान में गैर-प्रचालनिक) 14. सिविल एयरोड्रम, पिंजौर
झारखंड	अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	15. सोनारी हवाईअड्डा, जमशेदपुर
	झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट	16. झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट दुमका हवाईअड्डा, दुमका, संथाल परगना दुमका
कर्नाटक	एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड	17. कलबुरगी हवाईअड्डा, गुलबर्गा
	एविएशन कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड	18. पुराना तकनीकी ब्लॉक, भूतल और पहली मंजिल (पुराना एमईटी कार्यालय), पुराना तकनीकी ब्लॉक, धारवाड़
	राजकीय फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल	19. जक्कुर हवाईअड्डा, बंगलौर (वर्तमान में गैर-प्रचालनिक/अनुमोदन की वैधता समाप्त हो गई है)
	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी	20. कलबुरगि हवाईअड्डा, गुलबर्गा
	ओरिएंट फ्लाइट स्कूल	21. मैसूर हवाईअड्डा, मंदकली पोस्ट, मैसूर

	रेडबर्ड उड़ान प्रशिक्षण अकादमी प्राइवेट लिमिटेड	22. कलबुरगि कलबुर्गी हवाईअड्डा, कर्नाटक
		23. बेलगावी हवाईअड्डा, बेलगावी
केरल	राजीव गांधी अकादमी फॉर एविएशन टेकनोलॉजी	24. अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, तिरुवनंतपुरम
मध्य प्रदेश	चाइम्स एविएशन	25. धना एयरोड्रम, सागर 26. नीमच हवाईपट्टी, जयसिंगपुरा, नीमच
	फेल्कन एविएशन एकेडमी	27. रीवा एयरफील्ड, रीवा (वर्तमान में गैर-प्रचालनिक)
	भारतीय फ्लाइंग अकादमी (शौर्य उड़ान सिम प्रा. लि. की एक इकाई)	28. हैंगर नं.2, खजुराहो हवाईअड्डा, खजुराहो
	जेट सर्व एविएशन प्रा. लि.	29. फ्लाईओला एविएशन एकेडमी, टर्मिनल रोड, खजुराहो हवाईअड्डा, खजुराहो
	मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब	30. देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाईअड्डा, सिविल एयरोड्रम, बिजासन रोड, इंदौर 31. राजा भोज हवाई अड्डा, बैरागढ़, भोपाल
	रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी प्रा. लि.	32. सुक्तरा हवाईअड्डा, सिवनी
	शा- शिब फ्लाइंग अकादमी	33. गुना हवाईअड्डा
महाराष्ट्र	एकेडमी ऑफ कार्वर एविएशन	34. प्लॉट नं. पी-50, एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एशिया, बारामती हवाईअड्डे के पास, बारामती
	महत्वाकांक्षा फ्लाइंग क्लब प्रा. लि.	35. कराड हवाईअड्डा, कराड - पाटन रोड, कराड सतारा
	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी	36. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसी हवाईअड्डा, पीओपी; परसवदा, गोंदिया
	जेट सर्व एविएशन प्रा. लि.	37. फ्लाईओला एविएशन अकादमी, जलगांव हवाईअड्डा, जलगांव
	नागपुर फ्लाइंग क्लब	38. हैंगर नंबर 1, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, सोनेगांव एयरोड्रोम, नागपुर, (वर्तमान में गैर- प्रचालनिक) 39. मूरवा हवाईपट्टी, चंद्रपुर
	नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, प्राइवेट लिमिटेड	40. बिरसी हवाईअड्डा, परसवदा, गोंदिया,
	रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी प्रा. लि.	41. बारामती हवाईअड्डा, बारामती,
	एसकेवीएम फ्लाइंग एकेडमी ऑफ एविएशन	42. शिरपुर हवाईपट्टी, जिला धुले
	स्काइनेक्स एयरो प्रा. लि.	43. जलगांव हवाईअड्डा, जलगांव
	बॉम्बे फ्लाइंग क्लब	44. जुहू हवाईअड्डा, मुंबई 45. धुले हवाईपट्टी, मुंबई

उड़ीसा	राजकीय विमानन प्रशिक्षण संस्था	46. बिरासल हवाईपट्टी, बिरासल, ढेंकनाल। 47. बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, भुवनेश्वर
पंजाब	पटियाला एविएशन क्लब	48. हैंगर -1, सिविल एयरोड्रम, संगरूर रोड, पटियाला। 49. श्री गुरु राम दास जी, अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा अमृतसर
राजस्थान	अव्यान एविएशन अकादमी	50. साइट-2, किशनगढ़ हवाईअड्डा, अजमेर,
	बनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग फ्लाइंग क्लब,	51. बनस्थली विश्वविद्यालय, बनस्थली, टोंक जिला (वर्तमान में गैर-परिचालन)
	ड्यूनस एविएशन एकेडमी (गणपत केयर फाउंडेशन की इकाई)	52. जीसीएफ हैंगर, हमीरगढ़ हवाईपट्टी, भीलवाड़ा,
तामिल तमिलनाडु	एकवी एयर ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन प्राइवेट लिमिटेड	53. साइट बी, सेलम एयरपोर्ट, कमलापुरम, ओमालुर तालुक, जिला - सेलम
तेलंगाना	एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड	54. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा शमशाबाद, हैदराबाद 500409. (वर्तमान में गैर-परिचालन)
	फ्लाइटेक एविएशन एकेडमी	55. नादेरगुल एयरोड्रोम, हैदराबाद
	विंग्स एविएशन पीसीटी. लिमिटेड	56. बेगमपेट हवाईअड्डा हैदराबाद
	तेलंगाना राज्य विमानन अकादमी	57. बेगमपेट हवाईअड्डा हैदराबाद
उत्तर प्रदेश	चेतक एविएशन एकेडमी अकादमी	58. एमएस- 10 एनएच-91, धनीपुर हवाईपट्टी, पोस्ट पनेठी, अलीगढ़-202001
	फाल्कन एविएशन एकेडमी	59. सिविल हवाईअड्डा, अयोध्या (वर्तमान में गैर-परिचालन)
	गर्ग एविएशन लिमिटेड	60. हैंगर नं. 3, सिविल एयरोड्रम, कैंट. कानपुर-208004
	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी	61. फुरसतगंज एयरफील्ड, रायबरेली
	पायनियर फ्लाइंग क्लब, प्रा. लिमिटेड	62. एमएस-10, एनएच-91, धनीपुर हवाईअड्डा, पोस्ट पनेठी, अलीगढ़

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय

******